पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# कचरे की समस्या से समाधान तक : सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी साझा करेंगे अपने नवाचार और अनुभव

## TCS IMF के सहयोग से 6 अक्टूबर को होगा ऑनलाइन इनोवेशन कार्यक्रम

लखनऊ : 28 सितंबर, 2026

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता, नवाचार और समस्या–समाधान की सोच विकसित करने के उद्देश्य से TCS IMF के सहयोग से ऑनलाइन इनोवेशन सेलिब्रेशन इवेंट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 6 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 से 4 बजे तक होगा, जिसमें विद्यार्थी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कचरा प्रबंधन विषय पर किए गए सर्वेक्षण, अध्ययन, अनुभव और समाधान आधारित विचार साझा करेंगे।

कार्यक्रम में सहारनपुर पुवारका, मुरादाबाद स्वच्छकार, सिरसिया हेतिमपुर और निदौरी स्थित सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी अपने सर्वेक्षण और समाधान आधारित सुझाव प्रस्तुत करेंगे। वहीं परासिया, मिर्जापुर और रायबरेली रैन स्थित विद्यालयों के आईएमएफ शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवकाश गृहकार्य गतिविधि के संचालन और विद्यार्थियों की सहभागिता का अनुभव साझा करेंगे।

## शिक्षक साझा करेंगे नवाचार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनुभव

बदनौरा, बुलंदशहर स्थित सर्वोदय विद्यालय के आईएमएफ शिक्षक सीटीआईएस सम्मेलन में किए गए पोस्टर प्रस्तुतीकरण का अनुभव बताएंगे। कार्यक्रम में टीसीएस के कचरा प्रबंधन विषय विशेषज्ञ कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े व्यावहारिक उपायों की जानकारी भी देंगे। समाज कल्याण उपनिदेशक श्री जे राम ने बताया कि इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने आसपास की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के बारे में सोचने का अवसर मिल रहा है। इससे उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ–साथ रचनात्मक सोच, टीमवर्क और समस्या–समाधान की क्षमता विकसित हो रही है।

---

सम्पर्क सूत्र–आशिया खातून

अवनीश श्रीवास्तव/03:54 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in